# प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समिति प्रबंधक भर्ती हेतु विज्ञापन

जिला लघु वनोपज सहकारी संघ मर्यादित, पूर्व भानुप्रतापपुर जिला – उत्तर बस्तर कांकेर(छ.ग.) के अंतर्गत आने वाली **प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समिति, कोदापाखा एवं कच्चे** के रिक्त प्रबंधक पद की भर्ती हेतु अधोहस्ताक्षरकर्ता कार्यालय में आवेदन आमंत्रित किया जाता है –

| क्रं. | समिति का नाम | पदनाम | संख्या | वर्तमान दर पर परिलब्धि प्रति माह |
|---|---|---|---|---|
| *1* | *2* | *3* | *4* | *5* |
| 01. | कोदापाखा | प्रबंधक | 01 | 20,000/–रूपये |
| 02. | कच्चे | प्रबंधक | 01 | 20,000/–रूपये |

प्राथमिक लघु वनोपज सहकारी समिति– कोदापाखा एवं कच्चे के अंतर्गत आने वाले संग्राहक परिवार के सदस्य ही दिनांक 30.12.2022 से 04.01.2023 तक आवेदन फार्म जिला यूनियन पूर्व भानुप्रतापपुर में कार्यालयीन समय पर प्राप्त कर सकते हैं । इसके लिए संग्रहण पारिश्रमिक कार्ड की छायाप्रति देना होगा । इसी प्रकार आवेदन पत्र दिनांक 05.01.2023 से 08.01.2023 तक कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर जमा कर सकेंगे ।

**नियुक्ति हेतु अनिवार्य निर्धारित योग्यता एवं आर्हताएें –**

1. आवेदक को न्यूनतम हायर सेकेण्डरी(10+2) उत्तीर्ण होना चाहिए किन्तु स्नातक आवेदकों को चयन प्रक्रिया में वरियता दी जावेगी ।
2. आवेदक को संबंधित समिति क्षेत्र का निवासी होना अनिवार्य होगा ।
3. आवेदक को संबंधित संस्था क्षेत्र के ऐसे संग्राहक परिवार का सदस्य होना चाहिए, जिसने नियुक्ति कें पूर्व के 05 वर्षो में से कम से 03 वर्षो में प्रत्येक वर्ष न्यूनतम 500 गड्डी तेन्दूपत्ता संग्रहण का कार्य किया हो ।
4. आवेदक को कम्प्यूटर का ज्ञान होना चाहिए ।
5. आवेदक की आयु 01 जनवरी 2022 को 18 वर्ष पूर्ण कर लिया हो एवं 35 वर्ष की आयु पूरी न की होनी चाहिए । शासन के नियमानुसार अनु.जाति/अनुसूचित जनजाति/महिला/भू.पूर्व सैनिक को आयु सीमा में छूट प्राप्त होगी ।

**टीप :– भर्ती से संबंधित विस्तृत जानकारी एवं प्रबंधक भर्ती फार्म कार्यालय से प्राप्त करें ।**

**प्रबंध संचालक**
जिला लघु वनोपज सहकारी संघ
मर्यादित, पूर्व भानुप्रतापपुर